I-NEXT 12/08/2023

38 स्कूलों के बच्चों ने दिखाया टैलेंट

KANPUR (11 Aug): सर पद्मपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर कमला नगर में फ्राइडे को अंतर विद्यालीय कला प्रतियोगिता का आयोजन किया. प्रतियोगिता का विषय 'कानपुर-एक खोज' था. प्रतियोगिता में सिटी के 38 से अधिक स्कूलों के स्टूडेंट्स ने भाग लिया था. इनमें से कुछ पेशेवर कलाकार अन्य शहरों के भी थे. प्रोग्राम में चीफ गेस्ट आईएएस सौम्या पांडेय ने स्टूडेंट्स को सफलता के टिप्स दिए. इस मौके पर विद्यालय की चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन व्रर्षा सिंहानिया, पार्थो पीकर, प्रिंसिपल भावना गुप्ता आदि मौजूद रहे.

अमर उजाला 12/08/2023

ड्राइंग-स्केचिंग में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

कानपुर। शहर के ज्ञात, अज्ञात इतिहास, संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम के वीरों की भूमिका से छात्रों को अवगत कराने के उद्देश्य से सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में कानपुर एक खोज पहल का शुभारंभ किया गया। इसमें शहर भर के 38 स्कूलों के प्रतिभागियों ने ड्राइंग, पेंटिंग, स्केचिंग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि कानपुर देहात की मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय का स्वागत प्रधानाचार्य भावना गुप्ता ने किया। निर्णायक मंडल में विभागाध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा तिवारी, राजकुमार सिंह, सुमित कुमार ठाकुर मौजूद रहे। इस मौके पर चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया, वाइस चेयरमैन और डायरेक्टर पार्थों पी.कर ने बच्चों के प्रयास की प्रशंसा की।

दैनिक जागरण 12/8/2023

कानपुर एक खोज के विजेता सम्मानित

जासं, कानपुर : कानपुर के ज्ञात और अज्ञात इतिहास, संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम के वीरों की भूमिका से नई पीढ़ी को परिचित कराने के उद्देश्य से सर पदमपत सिंहानिया में शुक्रवार को कानपुर एक खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 38 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। सात वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ अपर श्रमायुक्त सौम्या पांडेय ने किया। प्रधानाचार्य भावना गुप्ता ने स्वागत किया। निर्णायक मंडल में शामिल डा. पूर्णिमा तिवारी, राजकुमार सिंह और सुमित ठाकुर ने विजेताओं का चयन किया। विद्यालय चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरी जी सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंघानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया, वाइस चेयरमैन व डायरेक्टर पार्थो पी. कर ने बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा की। प्रतियोगिता के सात वर्गो में प्रथम पुरस्कार प्रिंस कुशवाहा, मधुस्मिता सामल, प्रखर पाल सिंह, नव्या सक्सेना, तान्या पाल, निमिषा अग्रवाल, नितिन गुप्ता, द्वितीय पुरस्कार एलेना, मारिया, निवेदिता त्रिपाठी, आयुषी वर्मा, आश्री अग्निहोत्री, अपूर्व सिंह, आलोक को और तृतीय पुरस्कार आर्यव वेदी, रौनक जैन, आराध्या, समीर आनंद, सानिया खान, नम्रता राजपूत, चंदन सिंह को दिया गया।